कार्यालय प्रभागीय विक्रय प्रबन्धक, उत्तर प्रदेश वन निगम,गोण्डा
अनुपम प्लाजा, कचेहरी रोड, सिविल लाइन, गोण्डा

पत्रांक /नीलाम विज्ञप्ति/ दिनांक

उ0प्र0 वन निगम खड़े वृक्ष नीलाम सूचना

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि उ0प्र0 वन निगम गोण्डा विक्रय प्रभाग में अयोध्या, गोण्डा एवं बलरामपुर वन प्रभागों के अन्तर्गत विभिन्न रेंजों के कुल 37 लाटों में 1871 मिश्रित खड़े वृक्षों का सार्वजनिक नीलाम दिनांक 19.03.2025 को प्रातः 11.00 बजे तकपुरा प्रकाष्ठ डिपो जनपद–अयोध्या में "जहॉ हैं जैसे हैं" के आधार पर सम्पन्न किया जायेगा। इच्छुक क्रेतागण नीलाम प्रवेश हेतु गेटमनी धनराशि रू0. 2,00,000 (दो लाख) का बैंक ड्राफ्ट जो ***"प्रभागीय विक्रय प्रबन्धक, उ0प्र0 वन निगम गोण्डा"*** के पक्ष में देय होगा के साथ नीलाम में भाग ले सकते है। चेक के माध्यम से गेटमनी की धनराशि का भुगतान स्वीकार नहीं किया जायेगा।

उक्त खड़े वृक्ष की लाटें विधिवत देखकर ही बोली दें एवं बोली स्वीकार होने के पश्चात कोई भी आपत्ति/प्रत्यावेदन मान्य नहीं होगा। खड़े वृक्षों की लाटों की विक्रय सूची वन निगम के वेबसाइट **www.upforestcorporation.co.in** पर उपलब्ध है तथा विक्रय सूची कार्यालय एवं सम्बन्धित डिपुओं से प्राप्त कर सकते है। नीलाम की शर्ते पूर्ववत् रहेंगी।

(विष्णु कुमार गुप्ता)
प्रभागीय विक्रय प्रबन्धक, गोण्डा

पत्रांक 1806 **/तददिनांकित**

प्रतिः–1. सम्पादक, अमर उजाला मीडिया वेन्चर्स, लिमिटेड गोण्डा से अनुरोध है कि उपरोक्त विज्ञापन को अपने दैनिक समाचार पत्र अमर उजाला के **लखनऊ संस्करण** में कम से कम स्थान में डी0ए0वी0पी0 दर पर दिनांक 08.03.2025 में प्रकाशित करने का कष्ट करें। बिल पर इस प्रभाग का **जी0एस0टी0 नं0–09AAATU3944K1Z1** दर्ज कर बिल दो प्रतियों में भुगतान हेतु प्रेषित करने का कष्ट करें। बिल की राशि रू0. 2500/– के समकक्ष हो, इसका ध्यान रखा जाए।

प्रतिः–2. सम्पादक, हिन्दुस्तान मीडिया वेन्चर्स, लिमिटेड गोण्डा से अनुरोध है कि उपरोक्त विज्ञापन को अपने दैनिक समाचार पत्र हिन्दुस्तान के **गोरखपुर संस्करण** में कम से कम स्थान में डी0ए0वी0पी0 दर पर दिनांक 08.03.2025 में प्रकाशित करने का कष्ट करें। बिल पर इस प्रभाग का **जी0एस0टी0 नं0–09AAATU3944K1Z1** दर्ज कर बिल दो प्रतियों में भुगतान हेतु प्रेषित करने का कष्ट करें। बिल की राशि रू0. 2500/– के समकक्ष हो, इसका ध्यान रखा जाए।

प्रभागीय विक्रय प्रबन्धक,
उ0प्र0 वन निगम, गोण्डा

पत्रांकः– 1806 **/तदिनांकित**

प्रतिलिपि– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. प्रबन्ध निदेशक उ0प्र0 वन निगम लखनऊ।
2. महाप्रबन्धक (विपणन) उ0प्र0 वन निगम लखनऊ।
3. क्षेत्रीय प्रबन्धक, उ0प्र0 वन निगम गोरखपुर।
4. प्रभागीय वनाधिकारी, वन प्रभाग गोण्डा, बलरामपुर एवं अयोध्या।
5. समस्त प्रभागीय लौगिंग/विक्रय प्रबन्धक, उ0प्र0 वन निगम,
6. विक्रय अधिकारी (विपणन) उ0प्र0 वन निगम, लखनऊ।
7. प्रभारी अधिकारी, (कम्प्यूटर अनुभाग) उ0प्र0 वन निगम, लखनऊ को इस आशय से प्रेषित कि ई0आर0पी0 पर नीलाम के सम्बन्ध में सूचना की स्लाइड चलाने की कार्यवाही करने का कष्ट करें।
8. समस्त डिपो अधिकारी, विक्रय प्रभाग, गोण्डा, को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि उक्त नीलाम का व्यापक प्रचार–प्रसार करें और अधिक से अधिक क्रेताओं को नीलाम में भाग लेने हेतु प्रेरित करें।
9. प्रभागीय लेखाकार गोण्डा विक्रय प्रभाग।
10. नोटिस बोर्ड।

प्रभागीय विक्रय प्रबन्धक,
उ0प्र0 वन निगम, गोण्डा

Scanned with OKEN Scanner